# निर्यात बढ़ाने के लिए कई उत्पादों पर सीमा शुल्क हटाना जरूरी

नई दिल्ली। निर्यातकों ने देश का निर्यात बढ़ाने के लिए सरकार से बजट में कई उत्पादों पर सीमा शुल्क हटाने की मांग की। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने बजट को लेकर सरकार को दिए सुझाव में कहा कि देश से बाहर जाने वाली खेप की संख्या बढ़ाने के लिए कई कदम उठाने चाहिए।

महासंघ ने कहा कि प्लास्टिक से बने उत्पादों पर आयात शुल्क पॉलिमर की तुलना में कम-से-कम पांच फीसदी ज्यादा रखने की जरूरत है। फियो महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि माल ढुलाई लागत बढ़ने व वैश्विक पोत-परिवहन कंपनियों पर निर्भरता से निर्यात क्षेत्र गंभीर समस्याओं का सामना कर रहा है। इसके अलावा, वैश्वीकरण के लिए दोहरी कर कटौती योजना लाने की जरूरत है, जिसमें पांच लाख रुपये की आय सीमा रखी जाए। एजेंसी

**बजट से उम्मीदें...फियो ने सरकार को बाहर जाने वाली खेप की संख्या बढ़ाने का दिया सुझाव**